**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 1057**
**08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए**

**जल जीवन मिशन-शहरी**

1057. **श्री एन. रेड्डप्पः**
**श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डीः**
**श्रीमती चिंता अनुराधाः**
**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में जल जीवन मिशन-शहरी (जेजेएम-शहरी) के तहत किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त कार्यों के लिए स्वीकृत, आवंटित और खर्च की गई राशि कितनी है;

(ग) आंध्र प्रदेश में जल जीवन मिशन (शहरी) के तहत उन घरों की संख्या कितनी है जहां घरों में नल का पानी पहुंचाया गया है; और

(घ) हर घर में जल्द से जल्द नल के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) : प्रस्तावित जल जीवन मिशन-शहरी योजना को 05 साल की अवधि के लिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2021- 22 से 2025-26 तक अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के रूप में शुरू किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य शहरों को 'जल सुरक्षित' बनाना और देश के सभी सांविधिक कस्बों में सभी परिवारों में चालू नल के माध्यम से जल आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करना है। मिशन का लक्ष्य अमृत योजना के पहले चरण में शामिल 500 शहरों के सभी परिवारों में सीवेज/सेप्टेज प्रबंधन प्रदान करना भी है।

आंध्र प्रदेश में, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अब तक अमृत 2.0 के तहत 8,517.69 करोड़ रुपये की 552 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें 5,268.19 करोड़ रुपये की 269 जल आपूर्ति परियोजनाएं, 2,727.46 करोड़ रुपये की 87 सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं और 522.04 करोड़ रुपये की 196 जलाशय पुनरुद्धार परियोजनाएं शामिल हैं। जैसा राज्य द्वारा सूचित किया गया है, 3,341.81 करोड़ रुपये की 287 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 2,622.39 करोड़ रुपये की 262 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण नोटिस (एनआईटी) जारी किए गए हैं। 797.90 करोड़ रुपये की 212 परियोजनाओं, जिनके लिए संविदा दी गई है, में से 51.26 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

(ख) : राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अमृत 2.0 के तहत निधि क्रमशः राज्य जल कार्य योजना-वार जारी की जाती है, न कि परियोजना-वार। परियोजनाओं के लिए अमृत के तहत पिछले 3 वर्षों में जारी की गई निधि और प्राप्त उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) इस प्रकार हैं:

(राशि करोड़ रुपये में)

| क्र. सं | राज्य | स्वीकृत एसएएपी आकार | प्रतिबद्ध सीए | जारी निधि | | | | प्राप्त यूसी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वित्तीय वर्ष | | | | वित्तीय वर्ष | | | |
| | | | | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2890.17 | 1056.62 | - | - | 76.37 | 107.13 | - | - | 76.37 | - |

अमृत 2.0 के तहत परियोजनाओं के लिए जारी निधि और प्राप्त यूसी इस प्रकार हैं:

(राशि करोड़ रुपये में)

| क्र.सं | राज्य | प्रतिबद्ध सीए | जारी निधि | | | प्राप्त यूसी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वित्तीय वर्ष | | | वित्तीय वर्ष | | |
| | | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2948 | - | 213.12 | 376.43 | - | 200.22 | - |

(ग) और (घ) : जल आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने और शहरों को 'जल सुरक्षित' बनाने के लिए अमृत 2.0 में देश के सभी सांविधिक कस्बे शामिल हैं। अमृत 2.0 के तहत अब तक आंध्र प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं के माध्यम से 10.60 लाख नए नल कनेक्शन प्रस्तावित किए गए हैं।

हालाँकि, अमृत के तहत, राज्य ने सूचित किया है कि आंध्र प्रदेश राज्य में अमृत और अन्य योजनाओं के ताल-मेल के तहत 4.20 लाख जल नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

*****